# उत्तराखंड में बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ

## चर्चा में क्यों?

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, केंद्र ने राज्य में **33 बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के लिये 559 करोड़ रुपए जारी किये।**

## मुख्य बिंदु:

- वित्त मंत्रालय के सहायक निदेशक के एक पत्र में कहा गया है कि यह राशि राज्य के लिये '**पूंजी निवेश के लिये राज्यों को विशेष सहायता योजना, 2023-24**' के भाग- **I** के तहत अतिरिक्त आवंटन के हिस्से के रूप में दी गई है।
    - केम्प्टी फॉल के लोकप्रिय पर्यटन स्थल के पास एक सुरंग पार्किंग सुविधा के निर्माण के लिये 26 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं।
    - देहरादून के बाहरी इलाके हरबर्टपुर में एक अंतर-राज्य बस टर्मिनल के विकास के लिये 10.8 करोड़ रुपए जारी किये गए हैं।
    - मसूरी में मॉल रोड के अग्रभाग को बेहतर बनाने के लिये 17 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं, जबकि पुलिस बल को मज़बूत करने के लिये 20 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं।
    - हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे को बढ़ाने के लिये 100 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं, जबकि देहरादून में शौर्य स्थल के निर्माण के लिये 51 करोड़ रुपए रखे गए हैं।
    - सोंग बांध बहुउद्देशीय परियोजना के लिये 88 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं तथा उधम सिंह नगर, हरिद्वार और देहरादून में पुलिस के लिये आवासीय भवनों के निर्माण के लिये 25 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं।

## पूंजी निवेश योजना के लिये राज्यों को विशेष सहायता

- पूंजीगत व्यय के लिये राज्यों को विशेष सहायता की योजना वित्त वर्ष 2020-21 में **कोविड-19** महामारी के मद्देनज़र शुरू की गई थी।
- वर्तमान में इस योजना का विस्तार किया गया है तथा इसे 1.3 लाख करोड़ रुपय के आवंटन के साथ '**पूंजी निवेश के लिये राज्यों को विशेष सहायता योजना, 2023-24**' के रूप में जारी रखा गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/infrastructure-projects-in-uttarakhand